जब तीन व्यक्ति किसी यात्रा में निकलें तो अपने में किसी को सरदार बना लें।

अबू सईद और अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अंहुमा) अल्लाह के नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व
सल्लमल) से वर्णन करते हैं कि आपने फ़रमायाः जब तीन व्यक्ति किसी यात्रा में निकलें
तो अपने में से किसी को सरदार बना लें। [ह़सन] [इसे अबू दाऊद ने रिवायत किया है।]

इस हदीस में अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने यात्रा करने वाले लोगों आदेश दिया है कि अपने में से किसी व्यक्ति को अपना अमीर बना लें, जो उनमें सबसे उत्तम और सबसे अच्छे विचार का मालिक हो, ताकि वह उनके मामलों को हल कर सके, क्योंकि अमीर न होने की स्थिति में बिखराव पैदा हो सकता है।

http://sunnah.global/hadeeth/hi/show/5970